तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

10 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और शिशुओं...


12 हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज ...




## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवार को मिली 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम साबर निवासी खीखराम पिता विशाल की महानदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी दुरपति बाई पति स्व. खीखराम को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### ग्रामीणों ने किया पौधारोपण



**रिसदा।** बलौदबाजार ब्लाक अंतर्गत ग्राम भरूवाड़ीह में टाउनशिप के सामने हरेली सहेली भूमि पर पत्ताधारी ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार के आम, जामुन, अमरूद, आंवला, नीम पेड़ सहित विभिन्न अलग-अलग प्रजाति के पेड़ का वृक्षारोपण ग्रामीण राजकुमार टंडन द्वारा बताया गया कि पर्यावरण को हरा-भरा एवं स्वच्छ वातावरण के लिए बृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्य कर रहे हैं, जिसमें आज करीब 125 से अधिक वृक्षारोपण किए हैं और आने वाले दिनों में इससे भी अधिक वृक्षारोपण करेंगे, उक्त वृक्षारोपण के अवसर पर प्रकाश भारती, मुंगेलाल टंडन, घोडूल टंडन, प्रेमदास जांगड़े, पंचू जांगड़े, मनोज ध्रुव, संतोष ध्रुव, धनीराम ध्रुव, मोजीराम गजेन्द्र सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### पैसा नहीं देने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पैसा देने से मना करने पर एक युवक के साथ मारपीट की घटना हो गई। सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 30 नया रावण भाठा निवासी नीरज नाविक 3 अगस्त को काम करने के बाद वापस रात्रि करीब 9 बजे आ रहा था। कृष्णा मंदिर के पास पहुंचने पर वहां पहले से मौजूद सिद्धू संद्रे प्रार्थी से पैसा मागने लगा। जब उसने पैसा देने के लिए मना किया, तब आरोपी ने गाली गलौज करते हुए प्रार्थी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।





**पर्व :** कांवर यात्रा, भव्य महाआरती और भक्ति संध्या ने बांधा समां

# सावन का अंतिम सोमवार, उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सावन के पावन अंतिम सोमवार को जिलेभर के शिवालयों में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। सोनपुरी एवं पलारी स्थित सिद्धेश्वर धाम सहित विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग परिवार सहित मंदिर पहुंचे और भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आराधना की।

सावन के अंतिम सोमवार को बोल बम कांवरिया संघ बलौदाबाजार के सोनपुरी स्थित ने सिद्धेश्वर मंदिर के पवित्र जलकुंड से जल लेकर रामपुर स्थित भोलेनाथ को अर्पित करने के लिए कांवड़ यात्रा निकाली। कांवड़ लिए श्रद्धालु 'बम-बम भोले' के जयघोष के साथ यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर भव्य झांकी भी निकाली गई, जिसने नगर वासियों का ध्यान आकर्षित किया। कांवर यात्रा का यह आयोजन लगातार 22 वें वर्ष किया गया, जो भक्तों की अविचल श्रद्धा का प्रतीक है।

## 22वीं वर्षगांठ पर निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा



### पलारी स्थित सिद्धेश्वर धाम में दिनभर रही चहल-पहल

सुबह होते ही मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया, जो देर शाम तक निरंतर जारी रहा। छोटे-बड़े, महिला-पुरुष और बच्चे सभी श्रद्धा से ओत-प्रोत होकर पूजा-अर्चना में लीन रहे। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आए कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था

नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। समाजसेवियों और स्वयंसेवी संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर पुण्य का लाभ उठाया।

### शाम को भव्य महाआरती और भक्ति संध्या

शाम ढलते ही पूरे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्रोच्चार, घंटियों की गूंज और दीपों की लौ से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा सहित आसपास के गांवों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के बाद आयोजित भक्ति संध्या में भगवान शंकर के भजनों की मधुर ध्वनि ने श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। श्रद्धालु नृत्य और गायन में झूमते रहे और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया।

# भीषण सड़क हादसा: भटगांव के दो लोगों की मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- ब्रेजा कार का टायर फटने से हुआ हादसा, कार 25 फीट गहरे नाले में गिरी
- फिंगेश्वर पुलिस ने घायलों को रायपुर भेजा, मृतकों के शव परिजनों को सौंपे गए

नगर भटगांव के पांच लोग भूतेश्वर महादेव के दर्शन के लिए राजिम गए थे जो वापसी के समय राजिम मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब एक ब्रेजा कार तेज रफ्तार में चल रही थी और अ चा न क उसका टायर फट गया। नियंत्रण बिगड़ने के बाद कार सीधे सड़क से करीब 25 फीट नीचे सरगी नाले में जा गिरी।



सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फिंगेश्वर पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और तत्काल इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया। हादसे में लोकेश साहू और पंकज दास की मौके पर ही मौत हो गई। और तीन अन्य साथी राजेश आदित्य, ननकी साहू, दया यादव को गंभीर चोट लगने पर रायपुर हॉस्पिटल रिफर करने की जानकारी सामने आया जिसका इलाज रायपुर में किया जा रहा है पांच लोग ब्रेजा कार पर सवार थे, जिनमें भटगांव के लोकेश साहू और गेरवानी के पंकज दास का मौके पर ही मौत हो गई । ।फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया 1 घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री डहरिया का गिधौरी में हुआ स्वागत

**गिधौरी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया रायपुर से जिला सक्ति के मालखरौदा प्रवास के दौरान ग्राम गिधौरी में बस स्टैंड के पास पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया का भव्य स्वागत किया गया । जिसमें प्रमुख रूप से जितेन्द्र ठाकुर, रामशंकर साहु, संदीप अग्रवाल, अजय दिव्य जिला पंचायत सदस्य, नवल सिंह ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष पामगढ़, मदन खाण्डेकर सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



# ब्लेड से गला काटकर युवक को किया घायल, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- बैठक में हल्ला करने से मना करने पर आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम, मामला दर्ज

एक मामूली टोकाटाकी ने विवाद का रूप ले लिया, जिसमें एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। यह घटना 30 जुलाई की रात ग्राम लवनबंद में हुई, जब एक गांव की बैठक में हल्ला कर रहे युवकों को एक युवक ने शांत रहने को कहा। इससे गुस्साए चार युवकों ने उस पर दाढ़ी बनाने वाले ब्लेड से हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित युवक का गला कट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं।

प्रार्थी धर्मेंद्र कुमार निवासी ग्राम लवनबंद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 30.07.2025 की रात्रि करीबन 07:00 बजे गांव में बैठक रखा गया था, जिसमें वह भी गया था। बैठक के दौरान आरोपी ऊंची आवाज में हल्ला कर रहे थे, जिसे प्रार्थी ▶▶ शेष पेज 11 पर



### आरोपियों ने स्वीकारा जुर्म

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 04 आरोपियों - 1. अनिल निराला (36), 2. अश्विनी निराला (23), 3. सुशील निराला उम्र (25), 4. सुरेश निराला उम्र (32) को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बैठक के दौरान हल्ला करने पर प्रार्थी द्वारा मना करने की बात को लेकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देकर दाढ़ी बनाने के ब्लेड से उस पर वार कर, उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में चारों आरोपियों को आज दिनांक 04.08.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## विप्र वाटिका में मची ललितकलाओं की धूम, हरे परिधान में नजर आईं प्रतिभागी

# हरियाली में रंगा सावन उत्सव, ब्राह्मण महिला समाज का सांस्कृतिक संगम



सावन क्वीन बनीं सपना पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सर्व ब्राह्मण महिला समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 'सावन उत्सव' का भव्य आयोजन 3 अगस्त 2025 को पं. वाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। दोपहर 3:30 ...ने से शुरू हुए इस ...र्यक्रम में समाज ... अनेक मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी वरिष्ठों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम की थीम के अनुसार सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ी में सज-धजकर आईं, जिससे पूरा वातावरण सावन की हरियाली की तरह खिल उठा।सांस्कृतिक उत्सव में एकल नृत्य, समूह नृत्य, भोजली गीत और कजरी गीत जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। भजन प्रस्तुति में शशि शुक्ला और आशा मिश्रा ने समां बांधा। कार्यक्रम का मूल्यांकन शैलजा मिश्रा, अनुराधा परिख, ऋचा द्विवेदी और रानी बाजपेई जैसी चार प्रतिष्ठित निर्णायकों ने किया।






### इनका रहा विशेष योगदान

यह आयोजन न केवल महिलाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का माध्यम बना, बल्कि इसने संगठन की शक्ति, सांस्कृतिक चेतना और पारंपरिक मूल्यों के प्रति उनके प्रेम को भी मजबूत किया। कार्यक्रम की सफलता में अध्यक्ष ऋचा द्विवेदी, अलका शर्मा, सरस्वती तिवारी, सचिव श्रद्धा दुबे, स्वाति मिश्रा, सुष्मिता शुक्ला, और सांस्कृतिक प्रभारी कीर्ति शर्मा, करुणा दुबे सहित सभी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। मीडिया प्रभारी पूनम शर्मा और युक्ति बाजपेई ने कार्यक्रम को बखूबी कवर किया। उपस्थित मुख्य सलाहकारों, संरक्षिकाओं और अन्य सदस्याओं ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को सफल बनाया।

### प्रतियोगिताओं के विजेता

**एकल नृत्य:** प्रथम स्थान स्वाति पांडे, द्वितीय रश्मि मिश्रा और तृतीय स्थान सपना पांडे ने प्राप्त किया। **समूह नृत्य:** प्रथम पुरस्कार अमित शर्मा और श्रद्धा शर्मा को, द्वितीय नेहा बाजपेई, स्वाति पांडे और सुष्मिता शुक्ला को, जबकि तृतीय पुरस्कार कीर्ति शर्मा, ममता शुक्ला और करुणा दुबे को मिला। **सावन क्वीन:** 'सावन क्वीन' का ताज सपना पांडे के सिर सजा। नेहा शर्मा फर्स्ट रनर-अप और रश्मि मिश्रा सेकंड रनर-अप रहीं। **कजरी गीत:** कजरी गीत की शानदार प्रस्तुति के लिए आरती दुबे को सराहा गया।

# सड़क मरम्मत शुरू, ग्रामीणों ने की स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

खबर का असर

प्रकाशित खबर के तुरंत बाद सीमेंट कंपनी ने चुचरुंगपुर-रावन बाईपास मार्ग पर अस्थाई मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। कंपनी द्वारा सड़क पर गिट्टी-बजरी डालकर किया जा रहा यह कार्य ग्रामीणों के लिए राहत का सबब तो बना है, लेकिन स्थानीय लोग इसे महज /"दिखावटी मरम्मत/" बता रहे हैं। ग्रामीण लीलाधर यादव,जनक वर्मा ,कुमार वर्मा, उमेंद्र वर्मा, सेवा वर्मा, कली राम सोनवानी, तुलसी राम घृतलहरे, क्रांति वर्मा, मेघनाथ वर्मा, चंद्रिका, नेम सिंह धुव्र आदि का कहना है कि यह अस्थाई उपाय है जो आने वाली बारिश में फिर से बह जाएगा और सड़क पहले जैसी जर्जर स्थिति में लौट आएगी।



वही नंद कुमार वर्मा, गोपाल धुव्र, राजू वर्मा, नंदलाल वर्मा, हेमनाथ वर्मा, गोपाल चतुर्वेदी, हरिओम विश्वकर्मा आदि का कहना है कि कंपनी लंबे समय से इसी तरह के अस्थाई उपाय करके अपनी जिम्मेदारी से ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### करही बाजार में हुई चैंबर ऑफ कॉमर्स की वार्षिक बैठक

**बलौदाबाजार।** करही बाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स इकाई करही बाजार की वार्षिक बैठक में राशि वितरण एवं पूर्व वर्ष में वितरण राशि प्राप्ति व आय व्यय का लेखा जोखा किया गया। इसी अवसर पर संकट मोचन जनरल स्टोर्स के मालिक मोती पटेल की संतान का स्वास्थ्य सालों से खराब है इसके अलावा वो हमारे चैंबर ऑफ कॉमर्स इकाई करही बाजार के व्यापारी भी हैं। हमारे यहां किसी भी व्यापारी बंधु के विपत्ति काल में सहायतार्थ राशि प्रदान की जाती है। अतः मोती पटेल की इस विपत्ति में 11000/- की छोटी सी राशी उनके संतान की कुशल एवं स्वास्थ्य सुधार की कामना के साथ प्रदान किया गया।

### भारती जनसेवा संघ का मित्रता दिवस पर पौधारोपण



**रायपुर।** मित्रता दिवस के अवसर पर भारती जनसेवा संघ द्वारा विप्रनगर रायपुरा में रविवार को पौधारोपण और पौधा वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर हमारा मित्र हमारा वृक्ष अभियान के तहत 50 पौधे बांटे। कार्यक्रम में रायपुर शहर के युवा व्यवसायी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर के सह प्रचार प्रमुख शुभम अग्रवाल एवं माधव नगर के सह नगर कार्यवाह पवन साहू उपस्थित रहे। शुभम अग्रवाल ने कहा कि यह बहुत ही सकारात्मक और समाजसेवी कार्य है। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में भारती जनसेवा संघ के उपाध्यक्ष निश्चय साहू, प्रदेश सचिव हेम श्रीवास, सहसचिव शत्रुहन पटेल और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### घासी-घसिया समाज ने साय सरकार का जताया आभार

**रायपुर।** ओडिशा में नुआखाई त्योहार पर सार्वजनिक अवकाश की अधिसूचना जारी की गई है। इसी तरह विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा पश्चिम ओडिशा में प्रमुख रूप से मनाया जाने वाले त्योहार नुआखाई पर सार्वजनिक अवकाश की अधिसूचना जारी की गई। इस साल यह त्योहार 28 अगस्त को मनाया जाएगा। नुआखाई ओडिशा समाज का एक प्रमुख फसल उत्सव है, जिसे नए धान के स्वागत के लिए मनाया जाता है। इस अधिसूचना पर छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी-घसिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष लखन सागर एवं समस्त पदाधिकारियों ने साय सरकार के अलावा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक सुनील सोनी का आभार जताया है।

### मिनीमाता स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान के लिए बांटी गई जिम्मेदारियां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 53 वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इसी दिन सतनामी समाज की उत्कृष्ट महिलाओं तथा प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विगत दिनों न्यू राजेंद्रनगर नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की बैठक हुई। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खंडे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम दिवस 11 अगस्त को सुबह 9 बजे पंडरी बस स्टैंड स्थित माताजी की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद 11 बजे से राज्यस्तरीय मुख्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में आयोजित होगा।

# अस्पताल की सुंदरता के आड़े आ रहा एल-2 ट्रामा का प्रस्तावित भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय आंबेडकर अस्पताल की सुंदरता के आड़े आने की वजह से प्रस्तावित एल-2 ट्रामा का निर्माण पुरानी जगह पर कैंसिल कर दिया गया है। ट्रामा के साथ 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने इस पांचमंजिला भवन की वजह से अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग छोटी पड़ जाएगी। इसके अलावा नए निर्माण के लिए पुरानी जगह पर काफी तोड़फोड़ की जरूरत होगी।

इसे ध्यान में रखते हुए पांच साल पुरानी योजना के लिए अस्पताल परिसर में नई जगह की तलाश की जा रही है। आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी बढ़ रही है, ओपीडी के साथ यहां बड़ी संख्या में गंभीर स्थिति वाले मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। गंभीर मरीजों की ज्यादा संख्या की वजह से यहां एल-2 ट्रामा के साथ क्रिटिकल केयर यूनिट के विस्तार की योजना बनाई गई है, मगर इस योजना को पूरा करने के लिए अब तक उपयुक्त स्थल नहीं मिल पाया है। पिछली बार अस्पताल के आंबेडकर प्रतिमा वाली इमरजेंसी गेट के समीप बनाने ओके हुआ था, मगर इसकी ड्राइंग-डिजाइन देखकर माना गया कि यह अस्पताल भवन की सुंदरता को प्रभावित करेगा। प्रस्तावित भवन पांचमंजिला होगा और पुरानी बिल्डिंग तीन मंजिल की है, जिससे वह छोटी नजर आएगी। इसके अलावा नया भवन बनाने के लिए पुराने भवन में भी काफी तोड़फोड़ करनी पड़ेगी। इन सब कारणों से इसके पुराने प्रस्तावित भवन की जगह कैंसिल कर नई जगह की तलाश की जा रही है।

### पुराने ब्लड बैंक के समीप बनाने पर विचार

पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अफसरों ने इस योजना को पूरा करने के लिए ब्लड बैंक के समीप रिक्त स्थल का निरीक्षण किया था। वर्तमान में सामने वाले हिस्से का उपयोग वाहनों की पार्किंग के लिए किया जाता है। इसके अलावा एक-दो और स्थानों को इमरजेंसी में आने वाले मरीज के लिए सुगम उपलब्धता को ध्यान में रखकर चिन्हित किया गया है। क्रिटिकल केयर से जुड़े विशेषज्ञ और पीडब्ल्यूडी के अफसर आवश्यकता के अनुसार दोनों भवन बनाने के लिए सटीक स्थल पर मंथन कर रहे हैं।

## पुरानी जगह करनी होगी ज्यादा तोड़फोड़, पुरानी बिल्डिंग से बड़ा बनेगा भवन

### एकीकृत भवन का काम भी प्रक्रियाधीन

अस्पताल के विस्तार के लिए यहां 700 बेड का एकीकृत भवन बनाने का काम भी प्रक्रियाधीन है। इसका निर्माण सीजीएमएससी द्वारा तय की जाने वाली एजेंसी करेगी। भवन बनाने के लिए पुराने हॉस्टल के भवन को चिन्हित किया गया है। अधिकारियों का दावा है कि भवन का निर्माण शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। इस भवन का निर्माण पूरा होने के बाद उन विभागों के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें अभी इलाज के लिए अपना बेड शेयर करना पड़ता है। इस भवन में भविष्य की जरूरतों के हिसाब से सारी सुविधा जुटाई जाएगी।



### जगह फायनल नहीं

एल-2 ट्रामा के साथ गंभीर मरीजों के और अधिक बेहतर उपचार के लिए क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किया जाना है। नए भवन निर्माण के लिए कुछ स्थानों का अवलोकन किया गया है, मगर जगह फायनल नहीं हुआ है।
- **डॉ. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक आंबेडकर अस्पताल

- नई जगह की तलाश में जुटा प्रबंधन
- एल-2 ट्रामा के साथ 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण भी

**हरिभूमि के पास हिमालयन भालू की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का खुलासा**

## जबरिया सफर से स्ट्रेस में आया था हिमालयन भालू

# नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से जंगल सफारी लाने के दौरान हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

छह माह पूर्व एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से लाए जा रहे नर हिमालयन भालू की मौत की पोस्टमार्टन रिपोर्ट हरिभूमि को मिली है। भालू की मौत की वजह तनाव में आना था। भालू को जब जंगल सफारी रायपुर लाने गाड़ी में चढ़ाया गया, उसी समय वह तनाव में आ गया और जोर-जोर से चिल्लाने के साथ रोने लगा। इसके बाद भालू को एक दिन रेस्ट दिया गया। दूसरे दिन पुनः गाड़ी में चढ़ाया गया, तो वह पुनः रोने के साथ चिल्लाने लगा। बावजूद इसके भालू को जबरन रायपुर लाने की कोशिश की गई। तनाव के कारण भालू ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुई है। भालू का पोस्टमार्टम कानन पेंडारी जू में 20 फरवरी को किया गया था।

जंगल सफारी प्रबंधन सीजेडए की अनुमति से नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से पांच चीतल तथा दो काले हिरण के बदले दो हिमालयन भालू जंगल सफारी ला रहा था। भालू को लाने के दौरान पश्चिम बंगाल-झारखंड सीमा में भालू की तबीयत बिगड़ने लगी। भालू की बिगड़ती तबीयत को देख भालू लाने वाली टीम ने झारखंड स्थित बरही विश्राम गृह के पास गाड़ी रोक कर भालू को सामान्य करने की कोशिश की। इसके बाद भालू को आपाकतालीन चिकित्सा उपलब्ध कराने रांची स्थित बिरसा मुंडा प्राणी उद्यान लेकर गई।

### मौत पर इस तरह से लीपापोती करने की कोशिश

*भालू की मौत के बाद विभागीय अफसर तथा भालू परिवहन करने वाली टीम लीपापोती करने बहाने बनाने लगी। टीम ने दावा किया कि किसी ने जलपाईगुड़ी के पास भालू का वीडियो बनाकर वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल के पास भेज दिया। इसके चलते रास्ते में गाड़ी को रोक कर घंटों जांच की गई। तेज गर्मी की वजह से डिहाईड्रेशन होने की वजह से भालू की मौत होने का कारण बताया गया।*

**छह माह पूर्व भालू वाहन में चढ़ाने के दौरान आया था तनाव में, एक दिन रेस्ट देने के बाद दूसरे दिन जबरन लाया गया**



Time, date and Place of death : - 5:45 pm, 19/02/25, Near Hazaribagh, Jharkhand.

Time, and date of post mortem : - 03:00 pm, 20/02/2025 at Nandanvan zoo in safari Nawa Raipur.

Examination

Short history of illness, if any: - At the time of loading at Nagaland Zoological Park on 16/02/2025 at 7:00 PM, the animal exhibited severe stress and was allowed to rest overnight. The following afternoon at 1:00 PM, transportation resumed. However, near Barhi Rest House (J.H.), the animal showed signs of restlessness and open-mouth breathing. The journey was immediately halted, and emergency care and expert advice were administered. Despite efforts, the animal was shifted towards Birsa Munda Zoological Park, Ranchi, but unfortunately, it collapsed near Hazaribagh.

### तनाव में आने पर क्यों किया परिवहन

भालू एक ऐसा वन्यजीव है, जो अपनी जगह जल्दी से छोड़ना नहीं चाहता। भालू को जब गाड़ी में लादा गया, तो वह तनाव में आ गया। सामान्य करने एक दिन रेस्ट दिया गया। दूसरे दिन तनाव में आने के बाद भालू को जबरन क्यों लाया गया। इसे लेकर वन्यजीव के जानकार सवाल उठा रहे हैं। भालू की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर जिम्मेदारों से बात करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने भालू की किसी तरह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक मिलने की बात से इनकार किया।

### हजारी बाग के पास भालू ने दम तोड़ा

भालू की मौत की जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है, उसके मुताबिक 16 फरवरी को शाम सात बजे गाड़ी में लादने के समय भालू गंभीर तनाव में आ गया। इसके बाद भालू को रातभर आराम करने दिया गया। दूसरे दिन दोपहर एक बजे भालू को रायपुर लाने पुनः गाड़ी में चढ़ाया गया। बरही विश्राम गृह के पास भालू को बेचैनी होने लगी और वह मुंह खोलकर सांस लेने लगा। इसके बाद यात्रा तुरंत रोक दी गई और आपातकालीन देखभाल और विशेषज्ञ सलाह दी गई। भालू के ठीक नहीं होने पर रांची के बिरसा मुंडा प्राणी उद्यान ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से वह हजारीबाग के पास गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। मृत्यु के कुछ घंटों बाद ही मृत शरीर में कठोरता आ गई, लेकिन पोस्टमार्टम के समय तक वह ढीला पड़ चुका था। उसका मुंह पूरी तरह खुला हुआ था और शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं दिखाई दे रहे थे।

# गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और शिशुओं का हुआ अन्नप्राशन संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासन के निर्देश व कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत परियोजना लवन में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म, बाच्चों का अन्नप्राशन संस्कार, राखी मेकिंग प्रतियोगिता, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार ने बताया कि शाला त्यागी बालिकाओं को ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट किया गया। स्तनपान से होने वाले लाभ के बारे में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गई। बताया गया कि स्तनपान बच्चे और मां दोनो के लिए अद्वितीय है, शिशु के लिए मां का दूध एक संपूर्ण आहार होता है। इसमें सभी जरूरी पोषक तत्व, विटामिन और मिनरल सही मात्रा में मौजूद होते है। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे वह संक्रमण, एलर्जी और अन्य बीमारियों से सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम में नगर पंचायत लवन अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी, लवन पर्यवेक्षक प्रतिभा पटेल, आादि उपस्थित रहे।

# अर्जुनी में आवारा पशुओं के खिलाफ विशेष अभियान



**अर्जुनी।** सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए ग्राम पंचायत अर्जुनी में आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखना है, ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान के तहत अर्जुनी के प्रमुख स्थानों, जैसे बाजार चौक स्वागत द्वार सरस्वती शिशु मंदिर शासकीय स्कूल टोनाटार मार्ग तिगड्डा और बलौदाबाजार भाटापारा मार्ग पर आवारा मवेशियों को पकड़कर अस्थायी रूप से गोठान में रखा गया है। इन पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था की गई है, हालांकि यह अभियान तब तक सतत रूप से जारी रहेगा जब तक समस्या का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता। गांव के युवा विजय वर्मा ने बताया कि यह राज्य स्तरीय अभियान है जिसे जिला कलेक्टर दीपक सोनी की निगरानी में संचालित किया जा रहा है।

### व्यवस्था चुनौतीपूर्ण, पर जारी रहेगा अभियान

इस विशेष अभियान को ग्राम उपसरपंच विष्णु साहू के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। इसमें सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, जीवन साहू, नंद यदु, राजेश साहू, राजेश ध्रुव ओमप्रकाश साहू (पंच) और कन्हैया कटारे (पंच) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चूंकि आवारा पशुओं की संख्या अधिक है और उनके लिए पर्याप्त चारे-पानी की व्यवस्था चुनौतीपूर्ण है, इसलिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। ग्रामीणों का सहयोग और प्रशासन की सतर्कता इस पहल को सफल बना रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी की उम्मीद है।

# संयंत्र की पहल, ग्रामीण छात्रों के लिए शुरू हुई निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, हिरमी संयंत्र द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (CSR) के अंतर्गत क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं की शुरुआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत कक्षा 10वीं से 12वीं तक के 100 से अधिक छात्रों ने नामांकन कराया है। कोचिंग में गणित, भौतिकी एवं रसायन जैसे प्रमुख विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। ड्रॉपआउट दर कम करने हेतु आस-पास के शासकीय विद्यालयों से संपर्क कर छात्राओं को विशेष रूप से प्रेरित किया गया है। कोचिंग का औपचारिक शुभारंभ समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। अपने संबोधन में डॉ. मोहनलाल वर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा के लिए एक प्रेरणादायी कदम बताया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति डॉ. मोहनलाल वर्मा, संयंत्र प्रमुख सुभाष चंद्र बसेर, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख मनोज यादव, माइंस प्रमुख मयंक सैनी, टीपी प्रमुख अखिलेश जैन, संयंत्र से तरुण जैन, रंजीत प्रसाद एवं प्रशासनिक प्रमुख रंजीत सिंह नैनवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम कुथरौद के सरपंच तारण दास अनंत, ग्राम सकलोर के सरपंच प्रतिनिधि वेद वर्मा, ग्राम परसवानी से कोपराम वर्मा, स्थानीय शिक्षकगण एवं 100 से अधिक छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# प्रथम त्रैमासिक शिक्षक-पालक सम्मेलन



**खरोरा।** जिला परियोजना समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार विकासखंड तिल्दा नेवरा, संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में प्रथम त्रैमासिक शिक्षक-पालक सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना, बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से उन्हें अवगत कराना तथा नई शिक्षा नीति 2020 की मंशा के अनुरूप भविष्य की संभावनाओं का संयुक्त मूल्यांकन करना है।

सम्मेलन में विशेष रूप से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय और पालकों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर यह भी स्पष्ट किया गया कि बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी समय पर पालकों को मिलती रहे, ताकि उन्हें निरंतर प्रेरणा और आवश्यक मार्गदर्शन मिल सके।

# भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की जिला इकाई का विस्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 1000 सदस्य जोड़ने का लक्ष्य
- पांचों विकासखंडों से आए पेंशनरों ने लिया एकता का संकल्प

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष खोडसराम कश्यप ने जिले के पांचों विकासखण्ड में विभिन्न पेंशनर्स संघ से जुड़े समस्त पेंशनरों को आमंत्रित कर पेंशनर्स महासंघ के जिला इकाई का विस्तार किया। उन्होंने महासंघ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेंशनर चाहे किसी भी संगठन में जुड़े हो उन्हें महासंघ जो सभी संघों को एक मंच पर लाकर पेंशनरों की एकता को मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रहा है, बैठक में जिला के हर विकास खंड से 200 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है इस प्रकार जिला में 1000 सदस्य जोड़े जायेंगे।

जिला के सभी विकासखण्ड से उपस्थित पेंशनरों ने सर्वसम्मति से महासंघ की जिला इकाई का विस्तार किया गया। मुबारक हुसैन सिमगा महामंत्री बनाए गए। सचिव कोमल वर्मा बलौदाबाजार, उपाध्यक्ष अशोक कुमार निर्मल कर पलारी, टी एस चौहान कसडोल, सहसचिव रामकुमार सेन बलौदाबाजार, कार्यालय सचिव सुरेंद्र वर्मा बलौदाबाजार, कार्यकारिणी में डूंगाराम वर्मा भाटापारा, महेंद्र वर्मा बलौदाबाजार, मनराखन कन्नौजे पलारी, मेलूराम नेताम बलौदाबाजार बनाए गए। राजगीत से सभा का शुभारंभ और राष्ट्रगान से समापन किया गया। सभा में शत्रुघ्न लाल वर्मा, डॉ राधेश्याम पटेल, नारायण लाल चन्द्राकार, कोमल सिंह वर्मा, देवेन्द्र कश्यप, खिलावन वर्मा सहित जिला के संगठन प्रेमी पेंशनर्स उपस्थित थे।

**भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान नाम से कैट पूरे प्रदेश में चलाएगा स्वदेशी अभियान**

# प्रधानमंत्री मोदी की स्वदेशी अपील का देशभर के व्यापारियों ने किया व्यापक समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- नई दिल्ली में कैट की राष्ट्रीय बैठक में देश के 26 राज्यों से व्यापारी नेता शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से भारतीय सामान खरीदो और बेचो की अपील को बड़ा समर्थन देते हुए कैट ने रविवार को घोषणा की कि 10 अगस्त से एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है। यह निर्णय नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद चांदनी चौक प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में लिया गया। कैट के इस राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में देश के 26 राज्यों से आए 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को भारत की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इस अभियान का नाम भारतीय सामान–हमारा स्वाभिमान रखने का निर्णय लिया है। श्री पारवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह अपील आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है। विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा दें, तो न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार भी सशक्त होंगे।

### भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता आज विश्वस्तरीय है

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन ने अभियान के बारे में बताते हुए कहा, देशभर में फैले 48,000 से अधिक व्यापारी संघटनों की भागीदारी के साथ यह अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा। हर राज्य व ज़िले में व्यापारी, उपभोक्ता व नागरिक समाज के साथ सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, पोस्टर, रैलियों व जन संवाद के माध्यम से लोगों को भारतीय उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, व्यापार मंडल, एनजीओ और समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा। अमर पारवानी ने कहा कि विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे भारत के स्थानीय व्यापार को बड़ा नुकसान हो रहा है। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता आज विश्वस्तरीय है और कीमत भी उचित है। भारतीय उत्पादों की खरीद से स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और व्यापारियों को समर्थन मिलेगा। विदेशी वस्तुओं की अंधाधुंध खपत से भारत का व्यापार घाटा बढ़ता है, जिसको रोकना जरूरी है। इससे भारतीय संस्कृति, कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प के संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। कैट की छत्तीसगढ़ की टीम से विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, कांति पटेल, रतनदीप सिंह उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय वेबीनार में भारती ने किया बलौदाबाजार का प्रतिनिधित्व

सिमगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुरूप एफएलएन के लक्ष्यो की प्राप्ति हेतु राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के सहायक संचालक डॉ एम सुधीश के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस वेबीनार में एफएलएन के लक्ष्य प्राप्ति के क्रियान्वयन के प्रमुख मुद्दों पर संकुल मेन्टर्स के क्षमता विकास पर 12 प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिसमें सभी जिले एवं विकासखण्ड स्तर के शिक्षा अधिकारीगण, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक तथा मेंटर्स, समस्त प्राथमिक शाला के शिक्षक इस वेबीनार में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। वेबीनार के 12 बिन्दुओं में से एक जादुई पिटारा का नियमित उपयोग विषय पर बलौदाबाजार जिले के विकासखंड सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। शिक्षिका भारती वर्मा ने वेबीनार में अपने शाला में निर्मित जादुई पिटारा और खेल खिलौना संग्रहालय के स्थापना के बारे में सामुदायिक सहभागिता के बारे में सविस्तार बताया। शिक्षिका के द्वारा शिक्षा में पंचकोशीय सिद्धांत के आधार पर निर्मित जादुई पिटारा के उपयोग के माध्यम से एफएलएन के लक्ष्यों की प्राप्ति का सउदाहरण प्रस्तुतीकरण किया गया।

### पालक-शिक्षक की प्रथम बैठक में शिक्षा के नए आयामों पर चर्चा



**अर्जुनी।** शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में पालक शिक्षक प्रथम बैठक का आयोजन गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं सभी उपस्थित पालकों के साथ राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के गायन से हुआ। शाला की युवा एवं इको क्लब मिशन लाइफ की अध्यक्ष डिंपल सेन ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इको क्लब के अन्य सदस्य विद्यार्थियों ने भी अतिथियों के स्वागत में सहभागिता निभाई। मुख्य अतिथि उपसरपंच रोशन साहू अध्यक्षता शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष लुकेश कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष चेतना साहू, विशेष आमंत्रित सदस्य शाला प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारीगण थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमकुमार देवांगन द्वारा किया गया। बैठक में बच्चों की शिक्षा अनुशासन नियमितता स्वास्थ्य और पोषण सहित निम्नलिखित 12 विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में सभी विषयों को शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## पेज 9 के शेष

### ब्लेड से गला...

द्वारा मना किया गया। इस पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए दाढ़ी बनाने के ब्लेड से प्रार्थी के गर्दन में वारकर उसे गंभीर चोंट पहुंचाया गया। साथ ही शरीर के अन्य भागों में भी चोट आया है कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 724/2025 धारा 296,351(2), 181(1), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क मरम्मत शुरू...

पल्ला झाड़ती आई है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का स्थायी समाधान (कंक्रीट या डामरीकरण) नहीं किया गया तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। हम अब और चुप नहीं बैठेंगे। कंपनी को यह समझना होगा कि हमारे धैर्य की भी सीमा है। ग्रामीणों ने कहा कि वे अब किसी भी तरह के अस्थाई समाधान को स्वीकार नहीं करेंगे। उनकी मांग है कि कंपनी तुरंत सड़क का स्थायी निर्माण करे, नहीं तो आंदोलन तेज होगा। प्रशासन ने इस मामले में हस्तक्षेप करने का आश्वासन दिया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि वे अब तक केवल आश्वासनों से ही संतुष्ट होते आए हैं, समाधान से नहीं।

# श्री फाउंडेशन ट्रस्ट की पहलः सात गांवों में मिली पानी की बेहतर सुविधा

## तालाबों की सफाई, पाइपलाइन और लिफ्ट सिंचाई से 44 लाख लीटर पानी की अतिरिक्त क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री सीमेंट की सीएसआर इकाई 'श्री फाउंडेशन ट्रस्ट' ने बलौदाबाजार क्षेत्र के सात गांवों भरूवाडीह, चंडी, करही, खपराडीह, रावेली, सिमगा और सेमराडीह में पानी की उपलब्धता और सुरक्षित पेयजल के लिए खास पहल की है। इस पहल के तहत तालाबों की सफाई और गहरीकरण, गांव-गांव में पाइपलाइन बिछाने, स्कूलों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था और खेतों के लिए लिफ्ट सिंचाई प्रणाली लगाई गई। इससे क्षेत्र में लगभग 44 लाख लीटर पानी अतिरिक्त जमा करने की क्षमता बनी है, जिससे घरों और खेती के लिए पानी की कमी काफी हद तक कम हो गई है।

गांवों में लगभग 7,500 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई और नए पंप लगाए गए, जिससे 1090 परिवारों को सीधे फायदा हुआ। स्कूलों में स्वच्छ पानी की व्यवस्था से बच्चों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। ग्राम रवेली में 15 एचपी पंप लगाकर बंजारी नाला से 1,200 मीटर लंबी पाइपलाइन के जरिए मनोहर बांध, कन्हार तालाब और पैठू तालाब से पानी लाया गया। इस व्यवस्था से करीब 150 एकड़ खरीफ और 50–60 एकड़ रबी फसलों की सिंचाई हो रही है। इससे 50–60 किसानों को अच्छी पैदावार के साथ सुरक्षित पानी की सुविधा मिली है।

**खास बातें**

- रवेली में 150 एकड़ खरीफ और 60 एकड़ रबी फसलों की हो रही सिंचाई, किसानों की बढ़ी आय



**खेती को करेंगे मजबूत : ट्रस्ट**

श्री रायपुर सीमेंट प्लांट के इकाई प्रमुख हुकमचंद गुप्ता ने कहा कि पुराने तालाबों को सुधारकर और नई सिंचाई प्रणाली लगाकर गांवों में पानी की बड़ी समस्या को दूर किया गया है। यह काम आने वाले सालों में भी लोगों को लाभ देता रहेगा। श्री फाउंडेशन ट्रस्ट का मानना है कि ये प्रयास गांवों में खेती को मजबूत करेंगे, किसानों की आय बढ़ाएंगे और पूरे क्षेत्र के विकास में मदद करेंगे।

## सामुदायिक भागीदारी से पूरी हुई चुनौतियां, गांव के विकास में बना मील का पत्थर

# कंजिया में मनरेगा से बना नया आंगनबाड़ी भवन, बच्चों को मिला सुरक्षित शिक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत ग्राम पंचायत कंजिया में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण पूरा हो गया है। इस निर्माण कार्य से न केवल ग्राम के ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हुआ बल्कि बच्चों के लिए एक सुरक्षित और बेहतर शिक्षा एवं पोषण केंद्र भी बना।

मनरेगा के तहत 8 लाख रुपये की लागत से यह भवन तैयार किया गया और इसके निर्माण के दौरान ग्रामीणों को लगभग 804 मानव दिवस का रोजगार भी मिला जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। भवन निर्माण से पहले आंगनबाड़ी सेवाओं को संचालित करने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं था। बच्चों को असुविधा होती थी और माताओं को भी बच्चों के पोषण व देखभाल के लिए उचित सुविधा नहीं मिल पाती थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए ग्राम पंचायत कंजिया ने आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की पहल की।

निर्माण के दौरान भूमि चयन, तकनीकी आवश्यकताओं और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां सामने आईं लेकिन पंचायत, प्रशासन और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों से सभी बाधाओं को पार कर समय पर निर्माण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। भवन के निर्माण से अब बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा व पोषण की सुविधाएं मिल रही हैं। माताओं को भी बच्चों के स्वास्थ्य और विकास से संबंधित सेवाएं सुलभ रूप से प्राप्त हो रही हैं।




**आंगनबाड़ी की गुणवत्ता में हुआ सुधार**

इससे गांव में आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कंजिया का यह आंगनबाड़ी भवन न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र बना है बल्कि यह ग्रामीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम भी है। मनरेगा के तहत किए गए इस कार्य ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सामुदायिक भागीदारी और प्रशासनिक सहयोग के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए तो गांवों की तस्वीर बदली जा सकती है। यह भवन कंजिया ग्राम के विकास की नई पहचान बनकर अन्य ग्रामों के लिए भी प्रेरणा बना है।

# शेयर मार्केट के नाम पर लाखों की ठगी, पीड़ित ने राज्यपाल व सीएम से लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

झुमका के गनपति साहू पिता परदेशी साहू उम्र 35 वर्ष, ने ठग शिवा के पास लाखों रुपए का निवेश किया है जिस रकम को पाने और न्याय के लिए बीते दिनों राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, डीजीपी, मानवाधिकार आयोग को ज्ञापन सौंपा है। इन्होंने ज्ञापन में बताया कि शिवा साहू व दीपक साहू जो कि मेरे मोबाईल दुकान सरसीवा में 12-15 माह पूर्व दीपक साहू के साथ आकर बोला कि हम लोग शेयर मार्केट में काम करते हैं, रकम जमा करने पर आठ माह में रकम ढाई गुना करके देते है। आपके क्षेत्र व हमारे गांव के बहुत सारे लोग हमारे शेयर मार्केट में रकम जमा किए हैं। गनपत ने उनकी बातों पर विश्वास कर पाँच लाख रूपये नगद दीपक साहू को दे दिया। जिसकी रसीद कुछ दिन बाद दूंगा बोला और जमा रकम की रसीद आज तक नहीं दिया है। जिनमें उनकी पत्नी दुजमति साहू जो झूमका में कपड़ा दुकान संचालित करती है, शिवा साहू को आफिस में 1 लाख 90 हजार रू, लक्ष्मीन साहू रायगढ़ में सब्जी दुकान संचालित करती हैं से 2 लाख 50 हजार रु, भाई गनपति साहू से 2 लाख रूपये एवं उनकी बहन पदमनी साहू से 70 हजार रु. आठ माह में ढाई गुना करने के नाम पर शिवा साहू और दीपक साहू ने लिया है।



**पीड़ित ने की न्याय की मांग**

गनपति ने बताया कि 25 जुलाई 2025 को शिवा के परिवार के अन्य सदस्यों व दीपक से इस बारे में बात की तो रकम देने से इंकार किया गया। पीड़ित ने कहा कि मैने कई बैंकों से लोन लेकर शिवा को रकम दिया था और रकम वापसी के लिए टालमटोल कर रहा है। रकम नहीं देने पर मैने राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मानवाधिकार आयोग, डीजीपी, सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला कलेक्टर और एस पी से शिकायत कर न्याय की मांग की है।

# अम्बुजा फाउंडेशन में लगा विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा लैंगिक उत्पीड़न के अपराधों के एवं लैंगिक उत्पीड़न अधिनियमों के दुरूपयोग के संबंध में विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन अम्बुजा फाउण्डेशन रवान में किया गया।

सचिव के द्वारा यह भी बताया गया कि अम्बुजा फाउण्डेशन के द्वारा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार से संपर्क किया गया। फाउण्डेशन के द्वारा यह बताया गया कि उनके फाउण्डेशन के अंतर्गत बहुत सारी महिला कार्य कर रही है जो महिलाओं को अपने क्षेत्र में विधिक जानकारी एवं अपराधों के संबंध में उन्हें जागरूक किया जाना है जिसके तारतम्य में अम्बुजा फाउण्डेशन रवान में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित महिलाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण कैसे काम करता है और कैसे निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है एवं विधिक सहायता प्राप्त करने के हकदार व्यक्तियों के संबंध में बताया गया, साथ ही कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में बताया गया।



भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत लैंगिक उत्पीड़न अपराधों के बारे में बताया गया। घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में बताया गया तथा पीडित क्षतिपूर्ति योजनाओं के बारे में बताया गया। बालकों का लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई, साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई. भरण पोषण के बारे में भी बताया गया, बाल विवाह अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, महिलाओं के गिरफ्तारी एवं प्रथम सूचना के प्रावधानों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में अधिकारों के उपयोग और उसके दुरूपयोग के परिणाम भी बताये गया साथ में यह भी बताया गया कि लैंगिक उत्पीड़न या अधिनियमों का उल्लंघन किया जाता है तो शिकायतकर्ता के विरूद्ध भी न्यायालय मिथ्या कार्यवाही एवं साक्ष्य देने के लिये कार्यवाही किये जाने का आदेश दे सकता है।

# कलेक्टर ने की खाद वितरण की समीक्षा

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार क़ो कृषि, सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने मांग एवं प्राथमिकता के आधार पर समितियों में उर्वकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंडवाऱ उर्वरक का लक्ष्य, भण्डारण एवं वितरण की रिपोर्ट तैयार करें और हर सप्ताह समितियों में मांग और वितरण की समीक्षा करें। उन्होंने यूरिया की बढ़ती मांग क़ो देखते हुए समितियों में आपूर्ति करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आवश्यक उर्वरक की जल्द आपूर्ति हेतु राज्य कार्यलय से समन्वय स्थापित करने कहा। बताया गया कि अगले 2 से 3 दिन में लगभग 800 मेट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है जिससे मांग अनुसार सहकारी समितियों क़ो उपलब्ध कराया जाएगा। अब तक टन कुल 47918 मेट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है। डीएपी के विकल्प के रूप में आधा बोरी यूरिया, 3 बोरी एसएसपी एवं 20 किलोग्राम पोटाश का मिश्रण उपयोग करने किसानों क़ो सलाह दिया जा रहा है।

# प्रगतिशील सतनामी समाज कसडोल की बैठक में खंड चुनाव की तैयारी, 24 को होगा निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज कसडोल का आवश्यक बैठक ग्राम ग्वालीनडीह में अध्यक्ष नकुल बांधे की सूचना पर आयोजित किया जिसमें एक पारिवारिक विवाद को सुलझाने का प्रयास किया गया किन्तु एक पक्ष अनुपस्थित होने के कारण आगामी बैठक तक स्थगित रखा गया है। इसी के साथ कसडोल विकास खंड स्तर का चुनाव निकट भविष्य में होने के विषय पर चर्चा भी की गयी।

आम सहमति से आगामी 17 अगस्त तक सदस्यता अभियान, एवं 24 अगस्त को मंडवा धर्मशाला में निर्वाचन कराये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी से यादराम हिरवानी, एवं सी एस सांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे जिनका आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथि द्वय ने प्रगतिशील सतनामी समाज के बायलांज से सभी को अवगत कराया। सदस्यता शुल्क में आजीवन सदस्यता 11000 एवं सामान्य सदस्यत शुल्क 1000 प्रांतीय स्तर पर होने की जानकारी दिये। पदाधिकारी बनने के इच्छुक जनों को शुल्क जमा करने सुझाव दिया गया। खंड स्तर के चुनाव हेतु मतदाता सदस्यता राशि को 500 रूपये आम सहमति पर तय किया गया जिसे 17 अगस्त तक अंतिम रुप से सदस्यता फार्म के साथ जमा कराना है। मौके पर अध्यक्ष नकुल बाधे, यादराम हिरवानी, सी एस सांडे, राजमहंत पी के घृतलहरे, विनोदकुमार चेलक, शालिकराम घृतलहरे, नीलकुमार चेलक, रामसागर कोशले, बुधराम घृतलहरे, जयवर्धन राय जितेन्द्र जांगडे, रविशंकर बंजारे, रोशन राय, घनश्याम बारले, गौलोचन भारती, धनीराम जांगडे, अजय सांडे, नंदकुमार बंजारे, खोलबहरा बर्मन, युधिष्ठर बंजारे, मोहरसाय चेलक, शिवदयाल भारद्वाज, मोहन पुरेना, धनसाय बंजारे, महेत्तर, छेदीलाल, बेदराम, आदि शामिल रहे।



# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा सोमवार क़ो जिले में बने खाबो-बने रहिबो अभियान की शुरूआत की गई। इसके तहत विकासखंड बलौदाबाजार में कुल 6 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। कुल 11 नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार में नीलकमल स्वीट्स, बजरंग रेस्टोरेंट, रुपड़ा मिष्ठान भंडार, लोकुमल होटल, दुर्गा कैंटीन एवं बीकानेर स्वीट्स से कुल 11 नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इस अभियान के तहत खोवा पेड़ा, मगज लड्डू, कलाकंद, चमचम, बर्फी, केसर पेड़ा, बेसन लड्डू, नारियल लड्डू, मैसूर पाक,पेड़ा जांच हेतु लिया गया। खाद्य कारोबारियों को खाद्य निर्माण हेतु कच्चा माल खरीदने से लेकर स्टोरेज, हैंडलिंग, निर्माण प्रक्रिया एवं विक्रय दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं नियमों की जानकारी व समझाइश दिया गया। साथ ही मिठाई खरीदने आए ग्राहकों को भी खरीदने से पहले ध्यान देने योग्य बातों की जानकारी दी गई।



### कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर 5 को

**मुड़पार सरसीवां।** इच्छुक दिव्यांगजनों को कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से कौशल विकास और समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए अवसर प्रदान किया गया है। 5 अगस्त को नगर पंचायत भवन सरसीवा में सहारा सामाजिक सेवा समिति पेंड्रावन के द्वारा एसोसिएट डेस्कटॉप पब्लिशिंग (डीटीपी अर्थात शादी, आमंत्रण, समारोह आदि के लिए पेजमेकर, कोरलड्रा, फोटोशॉप आदि) के प्रशिक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।

## दिवंगत संस्थापक गजाधर प्रसाद वर्मा की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ विशाल शिविर

# जीवन ज्योति रक्तदान समिति ने जुटाए 112 यूनिट रक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छ. ग. मनवा कुर्मी क्षत्रिय युवा समाज द्वारा संचालित संस्था जीवन ज्योति रक्तदान सेवा समिति के निर्देशन में युवा समाज द्वारा समिति के संस्थापक स्व. गजाधर प्रसाद वर्मा के दसवीं पुण्यतिथि अवसर पर कुर्मी बोर्डिंग छात्रावास तिल्दा नेवरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमे लगभग 112 यूनिट रक्तदान किये।

गौरतलब है कि जीवन ज्योति रक्तदान सेवा समिति विगत 13 वर्षों से अंचल व प्रदेश में लोगो के प्रति रक्तदान की जागरूकता हेतु इस समिति का निर्माण किया गया था, जो आज गांव-गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन होने लगे है, लोगो में रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देना समिति का मुख्य उद्देश्य रहा। अब तक समिति में 23000 से अधिक यूनिट रक्तदान की सेवा कर लोगो की जान बचायी जा चुकी है, लगभग इस समिति में 1500 से अधिक सक्रिय युवा साथी जुड़कर इस मुहिम को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है।



**इन्होंने किया सहयोगः** इस कार्यक्रम का संचालन राजमंत्री दौलत धुरंधर और डोमार धुरंधर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संचालक और प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा, समिति के संरक्षक दीपक टिकरिहा, मिनेश नायक, आलोक वर्मा, दीपक वर्मा, अनिल वर्मा, पुनीत वर्मा, प्राण नाथ वर्मा, जैनेन्द्र बघेल, चूड़ा मणि वर्मा, भरत पैकरा, नंदलाल वर्मा (गोलू), अनिल नायक, भागवत वर्मा, दुर्गेश वर्मा, प्रदीप वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, राकेश वर्मा, मनीष वर्मा, मुकेश वर्मा, तिलक बघेल, ज्योति प्रकाश वर्मा एवं समस्त जीवन ज्योति परिवार के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

**रक्तदाताओं का विशेष सम्मान**

शिविर में रक्तदान करने वाले सभी व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी मौके पर कुर्मी बोर्डिंग में महिला समिति द्वारा तीज मिलन, सावन झूला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा और कौसल वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम वर्मा और अध्यक्ष राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा उपस्थित थे, जबकि संरक्षक महेश नायक ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# कुशभांठा में हुआ वन महोत्सव



**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार वनमंडल के अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत थरगांव परिक्षेत्र के ग्राम कुशभांठा में 2 अगस्त को वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हाई स्कूल, कुशभांठा में किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों क़ो पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को वनों के महत्व, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता संरक्षण के विषय में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को वनों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और उनकी रक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कुशभांठा के सरपंच चन्द्रशेखर नायक, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष टप्पूलाल नायक, प्रेमशीला नायक, स्कूल के प्राचार्य वन परिक्षेत्र अधिकारी रूपेन्द्र कुमार साहू, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल रूपेश्वरी दीवान, मीनाक्षी साहू सहित विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 अगस्त 2025 SHOW TIME
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 12,3,6,9 बजे
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय 12:00, 3:00 बजे
सैयारा
शो समय - 6:00, 9:00 बजे
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### शिव भक्तो की जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम रवाना

**पलारी** । मंगलवार क्रो पलारी ब्लाक के दर्जनों शिव भक्तो का जत्था ने बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर झारखण्ड के लिए रवाना हुये है, जिसमे प्रमुख रूप से पलारी से संतोष साहू, रवि ध्रुव, हेमंत साहू, हेमकुमार साहू, पुरानीक वर्मा, त्रिलोक वर्मा, नरेश धीवार, लोकेश पटेल, जसपाल सिंह, बिसून साहू सहित विभिन्न बोल बम के सदस्यों ने बताया की सुल्तान गंज के गंगा नदी से जल लेकर 105 किलो मीटर कावड़ यात्रा पैदल चल कर बाबा वैद्यनाथ धाम में, बासुकी नाथ में जल चढ़ाकर दर्शन लाभ लिए ।

### मोहन टंडन बने टीचर्स एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष



**पलारी**। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा की अनुशंसा से मोहन लाल टंडन सलौनी प्रभारी प्राचार्य को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बलौदाबाजार का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ कोमल वैष्णव ने बताया कि बलौदाबाजार जिले में संगठन का विस्तार करते हुए सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। उनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे, जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे, जिला महासचिव तेज कुमार वैष्णव, जिला सचिव सीएम साहू, महेंद्र साहू, महेंद्र वैष्णव, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शालिनी वैष्णव, दीपक सारंग, मंतराम सागर, बुद्धेश्वर ध्रुव आदि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### छात्रों को मिली नई जिम्मेदारी

**भाटापारा**। ग्राम पंचायत मोपका के शा.उ.मा विद्यालय मोपका में शाला नायक व उप शाला नायक का चयन किया गया। जिसमें शाला नायक के लिए कु प्राची साहू कक्षा 12 वीं को चयन किया गया है। व उप शाला नायक के लिए कु आशा यादव कक्षा 12 वीं सांस्कृतिक सचिव कु भावना रात्रे शैलेष कुमार कीड़ा नायक अरमान नवरंगे कक्षा 11 वीं को चयन किया जिसमें प्राचार्या आर.एन.बया एम.एल ध्रुव व्याख्याता डी.एस ठाकुर व्याख्यता जे.एस मरावी एस.ठाकुर क्षीमति एन.देश लहरे में छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में चयन किया गया व बधाई दिया गया।

**पर्व : सावन के अंतिम सोमवार को दिखा धार्मिक आस्था, अनुशासन और युवा एकता का अनुपम संगम**

# भूतेश्वर महादेव से सिद्धेश्वर महादेव तक गूंजा हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



कुर्मी युवा मंच द्वारा आयोजित शिव श्रद्धा डाक बम यात्रा सोनपुरी भूतेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुआ । जिसमें छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस कश्यप, ब.बाजार राज प्रधान सुनीता वर्मा, संरक्षक टेशू लाल धुरंधर, नगर प्रमुख हेमंत टिकरिहा, मीडिया प्रभारी महेश वर्मा,सहित देवेश वर्मा, मनु वर्मा, सुशीला वर्मा आदि समाज प्रमुखों ने महादेव जी के आरती कर भगवा ध्वज लहराकर सावन मास में पवित्र यात्रा का शुभारम्भ किया। युवाओं को लेकर आध्यात्मिक आयोजन की सराहना करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष खोडस कश्यप और राज प्रधान सुनीता वर्मा ने युवाओं को यात्रा के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी।

यात्रा में युवाओं ने जल लेकर यात्रा को दौड़ते हुए पूरा किया। इस दौरान सोनपुरी से पलारी तक मार्ग में हर-हर बम, और हर-हर महादेव की जयघोष के नारों ने यात्रा को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया । धार्मिक आस्था, अनुशासन और युवाओं के उत्साह का अद्वितीय संगम बनी /"शिव श्रद्धा यात्रा/" का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस पावन यात्रा में सैकड़ो युवाओं ने भाग लिया, जो शिव भक्ति की गहराई को आत्मसात करते हुए पूरे मार्ग में अनुशासन और श्रद्धा का परिचय देते रहे। कार्यक्रम के संयोजक (युवा अध्यक्ष) रघुनंदन बघमार ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य न केवल धार्मिक भावना को जागृत करना था, बल्कि युवाओं को सामाजिक मूल्यों, एकता और सेवा की भावना से जोड़ना भी था। यात्रा के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सिद्धेश्वर महादेव बालसमुंद पलारी में जल अर्पित कर शिव जी की महाआरती करके सामाजिक एकता, आध्यात्मिक जागरूकता, के साथ युवा एकजुटता सहित जनजागरूकता का संदेश देते हुए यात्रा का समापन किया। युवामंच के संरक्षक पंकज वर्मा युगल किशोर वर्मा और विनोद चंद्रवंशी उपस्थित रहे ।

### सावन के अंतिम सोमवार पर गूंजे सत्यनारायण व महादेव के जयकारे



मुंडा । आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के ढनढनी मोड़ के पास चंद्रशेखर, दिव्या बाई वर्मा के यहां सावन मास की अंतिम सोमवार को आचार्य विजय पांडे के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर सत्यनारायण व्रत की कथा सुनाई व महादेव मंदिर की स्थापना कराया गया, जिसमें आसपास के श्रद्धालु लोग पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए पूजा समाप्त होते ही प्रसादी भोग भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सम्मिलित रघुराज वर्मा, रोमन वर्मा, धनंजय वर्मा, रमेश वर्मा, परशुराम वर्मा, सहदेव वर्मा, भाग्य दबंग, गबरू, भगवती बाई वर्मा, सहित मोहल्ला वासी सम्मिलित रहे ।

## सशिमं के बच्चों ने किया महादेव का जलाभिषेक, गूंजा बोल बम

**हिरमी रावन** । ग्राम मोहरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिरके छात्र-छात्राओं द्वारा सावन मास के चौथे सोमवार को धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत होकर विद्यालय परिसर के समीप स्थित महादेव मंदिर में शिव जलाभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परंपरागत कांवड़ यात्रा निकाली और मंदिर परिसर में भगवान शिव का गंगाजल, दूध व बिल्वपत्र से विधिवत पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक किया।

विद्यार्थी पारंपरिक परिधान में सज-धज कर बम-बम भोले के जयकारों के साथ जल कलश लेकर मंदिर पहुंचे। छात्राओं ने थाल में नारियल, दीपक और फूलों से सजाकर शिव आरती की। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक आस्था के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति प्रेम एवं समझ विकसित करना रहा। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और बच्चों को सावन मास, शिव उपासना और जलाभिषेक के आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सावन का महीना शिव भक्ति के लिए सर्वोत्तम माना जाता है और जलाभिषेक करने से मन की शुद्धि, रोगों से मुक्ति एवं



मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखने योग्य था। अनुशासित तरीके से सभी छात्रों ने मंदिर पहुंचकर पूजा की। कई छोटे बच्चों ने पहली बार शिवलिंग पर जल अर्पण किया, जिससे उनमें एक विशेष धार्मिक अनुभूति देखने को मिली।

शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा। इस अवसर पर ग्रामीणजन एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के धार्मिक आयोजन की सराहना की और विद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### रिटायर्ड शिक्षक ने बच्चों के साथ मनाया चौथा श्रावण सोमवार

हिरमी रावन । सावन माह के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, मोहरा में रिटायर्ड शिक्षक आर.के. वर्मा द्वारा विद्यार्थियों के बीच चॉकलेट वितरण कर भोलेनाथ के जयकारे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान आर.के. वर्मा ने बच्चों को सावन माह का धार्मिक महत्व समझाते हुए उन्हें अच्छे संस्कार अपनाने तथा अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि सावन भगवान शिव की भक्ति का महीना है और इसमें छोटे-छोटे पुण्य कार्यों का भी बड़ा फल मिलता है। इसी भावना के तहत उन्होंने छात्र-छात्राओं को मिठास रूपी चॉकलेट भेंट कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने आर.के. वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह स्नेह बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है। छात्र-छात्राएं भी बेहद उत्साहित नजर आए और उन्होंने हर हर महादेव व भोलेनाथ की जय के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शिव वंदना के साथ हुआ।



### अंतिम सावन सोमवार पर बंटा खीर-पूरी का प्रसाद

गोपालपुर । गांव मे अंतिम सावन सोमवार के उपलक्ष्य में खीर पूड़ी एवं काबुली चना रोस्टर के प्रसाद बाँटा गया। क्षेत्र के साजापाली, भाठा खम्हरिया मे भी खीर पूड़ी प्रसाद बाटा गया। सड़क में चलने वाले सभी राहगीरों को रोकर प्रसाद दिया जा रहा था। और सभी लोगों ने श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। आज अंतिम सावन सोमवार होने के कारण महादेव मंदिरों मे श्रद्धालुओं ने पूजा करने के लिए लाइन लगाए रहे जो मंदिरों में नारियल चढ़ाते थे उनको बच्चे निकालकर खाकर खुशी मना रहे थे। अंतिम सावन सोमवार त्योहार जैसे माहौल था। जगह-जगह डीजे में भक्ति गाना गूंज रहा था। गाँव एवं क्षेत्र भक्ति मय में डूबा रहा और श्रद्धालुओं घुम-घुम कर उत्साह से प्रसाद ग्रहण करते रहे।



### धूमधाम से की गई भोलेनाथ की पूजा

भाटापारा। सावन सोमवार के चौथे आखरी सावन सोमवार को भगवान भोलेनाथ की श्रद्धा व धूमधाम से पूजा अर्चना व जलाभिषेक सुबह से लेकर शाम तक शिवालयो मे चलता रहा वहीं नगरपालिका स्थित महाकाल मंदिर से भोलेनाथ की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई जिसमे बडी संख्या मे शिवभक्त शामिल हुए पालकी यात्रा मंदिर से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए वापस महाकाल मंदिर पहुंची इस दौरान पालकी यात्रा को देखने व दर्शन करने बडी संख्या मे लोगो का हूजूम सडक पर उमड पडा पालकी यात्रा मे शिव तांडव का शानदार प्रदर्शन किया गया जो पालकी यात्रा का आकर्षण केन्द्र बना रहा इस दौरान भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की आकर्षक झाकी सजायी गई थी पालकी यात्रा का शहर के कई स्थानो पर स्वागत व पूजा अर्चना की गई।



### 200 कांवरियों ने रामपुर महादेव में चढ़ाया जल

भाटापारा। ग्राम धुर्राबांधा से कावरीया कि रैली रामपुर महादेव मंदिर में जल चढ़ाने पहुंचे लगभग 200 कावरीयो कि जज्था टीम में संगीत मय बाजे के साथ बाबा शिव शंकर के गाने गाते व नारे लगाते हुए कावर यात्रियो का ग्राम मोपका में सरपंच के घर के पास सड़क में सभी कावरीयो के लिए नास्ता चाय का व्यवाथा सरपंच मोपका डा चेतन वर्मा उपसरपंच संजय वर्मा पंच परदेशी यादव, शोमेन्द साहू, प्रकाश वर्मा, हुमुक यादव हरि शंकर वर्मा, ने कांवरियों का स्वागत कर भगवान शिव शंकर से गांव के विकास व अचधे फसल के काम नाए के साथ राम पुर शिव मंदिर के लिए कांवरिया को प्रस्थान किया गया।



## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय, सुख-समृद्धि के लिए किया पूजन

**खरोरा** । श्रावण महीने का अंतिम सोमवार है। सावन के चौथा सोमवार पर शिव जी की पूजा की जाती शास्त्रों में सावन माह को भगवान शिव का अति प्रिय महीना बताया गया है। यूं तो सावन का पूरा महीना ही शिव भक्ति के लिए समर्पित है, लेकिन शास्त्रों में सावन महीने में पड़ने वाले सोमवार का बहुत अधिक महत्व बताया गया है। इस दिन भगवान शिव के निमित्त व्रत किया जाता है और उनकी विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसे में श्रावण मास के पहले सोमवार पर भगवान शिव की कृपा से विशेष फलों की प्राप्ति के होती हैं ।

भगवान शिव की भक्ति और आराधना को समर्पित पावन मास सावन का आज चौथा सोमवार है। पहले ही दिन क्षेत्र के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे।



श्रावण मास का चौथा सोमवार है, मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ था । बड़ी संख्या में श्रद्धालुणन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने से मंदिर पहुंचे शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों से नजर आ रहे हैं । आज सावन सोमवार पर लक्ष्मीनारायण, योग सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य जैसे राजयोग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में इस दिन का महत्व कई गुना ज्यादा बढ़ गया है । राजयोग में पूजा अर्चना करने से अपार सुख-समृद्धि और सौभाग्य मिलता है

## नन्हें-मुन्नों ने निकाली भव्य कांवड़ यात्रा



**खरोरा** । रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चो ने विशाल कांवड़ यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम के साथ निकाली गई। बच्चो का जगह-जगह स्वागत किया गया। कांवड यात्रा में बच्चे बम-बम भोले के जयकारों के साथ अबीर गुलाल उड़ा रहे थे। कुछ बच्चे भक्ति गीतों पर नृत्य भी कर रहे थे। यात्रा में बच्चे तिरंगा भी लहरा रहे थे। कांवड़ यात्रा को देखने के लिए बाजार में सड़क के दोनों ओर जगह-जगह महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की भीड़ लगी रही। जगह- जगह बच्चों पर पुष्पों की वर्षा की गई। खरोरा रियल लाइफ पब्लिक स्कूल से बच्चे गंगा जल लेकर जैसे ही मोहल्ले में प्रवेश किये। लोगों ने अबीर गुलाल उड़ाकर उनका स्वागत किया। बम-बम भोले के जयकारे लगाए। कांवड़ यात्रा मे खरोरा के गांधी चौक में स्वागत कर बच्चो को जलपान कराया। इसके बाद स्टेट बैंक, सरकारी अस्पताल, नगर पालिका होते हुए कांवड़ यात्रा त्रिपुर सुंदरी मंदिर पहुंच कर यात्रा समाप्त हो गई और एक-एक करके सभी बच्चों ने जल से भोले बाबा का अभिषेक किया गया। कावड़ यात्रा में रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के संस्थापक राघवेंद्र गोस्वामी सहित शिक्षक ममता भारद्वाज, शिवानी दीवान, जागृति वर्मा, प्रीति देवांगन, निशा बंजारे, प्रीति डहरिया, जैनब भारद्वाज, देव डहरिया, आकांक्षा सेन, उपस्थित रहे ।

### जारा के कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

संडी बंगला । सिद्धेश्वर धाम जारा से कांवड़ियों का दल रायगढ़ रवाना हुआ था। जत्था द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। बता दें कि, जारा से जल लेकर 151 कांवड़ियों का जत्था रायगढ़ के लिए रवाना हुआ था। जहां शिवलिंग का जलाभिषेक किया गया। गोवर्धन साहू ने बताया कि यह दल रायगढ़ पहुंच कर चंद्रहासिनी माता मंदिर होते हुए शिवरीनारायण, सिरपुर से पुनः जल भरकर मुहमेला (आरंग) से जारा के सिद्धेश्वर महादेव में जल अर्पित किया। कांवड़ियों में दुष्यंतधर दीवान, मनहरण धीवर, खम्हन पटेल, शिवनारायण साहू, शंभू साहू, विष्णु वर्मा, वासु साहू, शुभम यादव, रवि वर्मा, संजय वर्मा,पोषण, गौरव, युवराज, दुष्यंत साहू, समारू साहू, खिलेन्द्र, देवेन्द्र पटेल, रोहिणी ध्रुव, भानशु यादव, पिंकी यादव, अघनिया, पायल ध्रुव, शोभा वर्मा, प्रीति यादव, रोहिणी यादव, यमुना जायसवाल, कमल वर्मा, केशव साहू, महेश्वर, वासु वर्मा, बिसाहू यादव, बंशी धुरंधर आदि शामिल हैं।



### स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ में गूंजे 'बोल बम' के जयकारे



खरोरा । स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ, अमेरी में श्रावण मास के पावन अवसर पर छात्रों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भक्ति भाव से पूजन-अर्चन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में विद्यार्थियों ने आस्था और उत्साह के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया तथा विधि पूर्वक भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के अंत में बोल बम के जयकारों के साथ विद्यार्थियों ने निर्मित शिवलिंगों का पास स्थित तालाब में श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की प्रधान पाठक सावित्री वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षिकाएं सुषमा वर्मा, जानकी साहू, योगेश्वरी वर्मा, शांति वर्मा, आशा किरण धीवर, ज्योति वर्मा, कुसुम वर्मा, संगीता वर्मा, लोचन सेन एवं भारती सेन विशेष रूप से उपस्थित रहीं एवं उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में धार्मिक संस्कार, आस्था एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आदरभाव जागृत करने का प्रयास किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा के द्वारा इस भव्य आयोजन के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया।

### शिव भक्तों की श्रद्धा और आस्था का उमड़ा सैलाब

सुहेला । सावन मास का चौथा और अंतिम सोमवार क्षेत्र में आस्था, भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण रहा। सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु शाही स्नान कर विधिपूर्वक भगवान शिव का पूजन-अर्चन करते हुए देखे गए। स्थानीय तालाबों और मंदिरों जैसे ग्राम के बड़े तालाब स्थित शिव मंदिर, गायत्री मंदिर परिसर, बर्फानी धाम इत्यादि में भक्तों का जनसैलाब देखा गया। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, दही, घी और जल आदि से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया और 'बोल बम', 'हर हर महादेव', 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं' जैसे जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उपवास रखकर जलाभिषेक किया और भगवान शिव की आराधना में लीन नजर आए।कई स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन किया गया, जहां भक्तों को प्रसाद वितरण करते हुए देखा गया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में पंडित प्रदीप मिश्रा के कथा वाचन का टीवी प्रसारण श्रद्धा पूर्वक सुना गया, जिससे लोगों की श्रद्धा और भक्ति में और अधिक गहराई आई। इसके साथ ही कुछ मंदिरों में विशेष रूप से रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। गांव में रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर भक्तों ने पूरे दिन शिव भक्ति में डूबकर इस पावन दिन को स्मरणीय बना दिया।



